

# जीआई-पीकेएल : कबड्डी के सितारों ने शुरू किया प्रशिक्षण

**ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग की शुरुआत से पहले खिलाड़ी जमकर बहा रहे पसीना**

गुरुग्राम

आगामी ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) में शामिल राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने मैट पर जमकर पसीना बहाना शुरू कर दिया है। लीग में मिस्र, केन्या, अर्जेंटीना, ताइवान जैसे कई देशों की भागीदारी देखी जाएगी। इसके अलावा पोलैंड खिलाड़ियों का ड्राफ्ट जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, पुरुष और महिला दोनों एथलीटों ने लीग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपनी तैयारी तेज कर दी है। एक तरफ सविन नरवाल, संदीप कंडोला, अजय कुमार और कपिल नरवाल जैसे प्रमुख खिलाड़ी अपने खेल को बेहतर से बेहतरीन बनाने में लगे हुए हैं, तो दूसरी ओर एम अनिता, इंद्रा रोहिणी, अरुल संथिया और सेल्वरेबिक्षा जैसे राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेताओं ने भी अपने-अपने राज्यों में अभ्यास सत्र शुरू कर दिया है। रांची में तैनात भारतीय सेना के राइफलमैन सविन नरवाल अपनी बटालियन में रहते हुए अपने कबड्डी कौशल को निखार रहे हैं। कई कबड्डी लीगों में भाग लेने के बाद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सविन जीआई-पीकेएल में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। लीग के बारे में सविन नरवाल ने कहा कि ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग के लिए प्रशिक्षण बहुत अच्छा चल रहा है। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी की तरह जीआई-पीकेएल का हिस्सा होना मेरे लिए भी गर्व की बात है। मैं पहले भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेल चुका हूं और मैं अपने ए-गेम को फिर से मैट पर लाने के लिए उत्सुक हूं। इसी क्रम में कबड्डी की एक और जादूगर एम अनिता ने कहा कि जीआई-पीकेएल मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना एक ऐसा अद्भुत अनुभव होगा, जो विभिन्न खेल शैलियों को समझने का अवसर प्रदान करेगा। अरुल संथिया ने भी लीग को लेकर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एक ऐसी लीग का हिस्सा बनना जो दुनिया भर के खिलाड़ियों को एकजुट करती है, निश्चित तौर उत्साह का विषय है। मैं रणनीतियों को साझा करने और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से सीखने के लिए उत्सुक हूं। यह अनुभव निश्चित रूप से मेरे खेल को और बेहतर बनाएगा।खिलाड़ियों की भागीदारी और उत्साह के बारे में बात करते हुए होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कंथी डी. सुरेश ने कहा कि जीआई-पीकेएल को लेकर खिलाड़ियों और प्रशंसकों का उत्साह कबड्डी की बढ़ती लोकप्रियता और खेल को एकजुट करने की शक्ति को उजागर करता है। यह लीग हमारे उस दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो तमाम बाधाओं को तोड़ विभिन्न देशों की विभिन्न संस्कृतियों के सभी महिला और पुरुष खिलाड़ियों को एक जैसा मंच देने की सोच रखती है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पाक ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में 127 रनों से हराया , 1-0 की बढ़त हासिल की



**मुल्तान ।** पाकिस्तान ने वेस्ट इंडीज को दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले ही मैच में 127 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में पाक की जीत में स्पिनरों साजिद खान और अबरार अहमद के अलावा कप्तान शान मसूद की अहम भूमिका रही। मसूद ने जहां अर्धशतकीय पारी खेलते हए 52 रन बनाये। वहीं साजिद ने पांच विकेट जबकि अबरार ने चार विकेट लिए। इस प्रकार पाक टीम ने तीसरे ही दिन ये मैच जीत लिया। इस मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 230 रन बनाए। इसके बाद पहली पारी में वेस्टइंडीज की टीम 137 रन पर आउट हो गई। इस प्रकार पहली पारी में पाकिस्तान को 93 रन की बढ़त मिली। वहीं पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 157 रन बनाए और टीम की कुल बढ़त 250 रन की हो गई। इस प्रकार वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251 रन का टारगेट मिला था, लेकिन ये टीम दूसरी पारी में 123 रन पर आउट हो गई और उसे हार का सामना करना पड़ा। वेस्टइंडीज की ओर से केवल ऐलेक ऐथनेज ही 55 रन बना पाये। वहीं अन्य बल्लेबाज सस्ते में ही सिमट गये। टीम के केवल पांच बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये।

### शुभमन नहीं पांड्या को उपकप्तान बनाने चाहते थे गंभीर



**मुम्बई।** भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच मतभेद की अटकलें एक बार फिर तेज हो गयी हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार गंभीर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 और इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को उपकप्तान बनाना चाहते थे पर रोहित उनसे सहमत नहीं थे। रोहित ने उपकप्तान के लिए शुभमन गिल के नाम का प्रस्ताव रखा था। ऐसे में यह माना जा रहा है कि शुभमन रोहित शर्मा के बाद कप्तानी संभालेंगे। रिपोर्ट के अनुसार कोच गंभीर नहीं चाहते थे कि शुभमन को उप कप्तान बनाया जाये पर रोहित शुभमन के पक्ष में थे। जिससे शुभमन को जिम्मेदारी मिली गयी। गौरतलब है कि हार्दिक पांड्या टी20 विश्व कप पहले तक टीम इंडिया की कप्तानी के प्रबल दावेदार थे। रोहित के साथ वह टीम की उप कप्तानी करते थे पर टी20 विश्व कप के बाद रोहित ने हार्दिक की जगह सूर्यकुमार यादव को इस प्रारुप में कप्तान बनने का प्रस्ताव रखा था। इस तरह हार्दिक के हाथ से टी20 की कप्तानी भी निकल गयी थी। पांड्या के अलावा एकदिवसीय सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए संजू सैमसन के नाम पर भी बात हुई थी। गंभीर इसमें मुख्य विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत की जगह संजू सैमसन को चाहते थे पर रोहित ने ऋषभ को भी शामिल करने और विकल्प के तौर पर केएल राहुल को रखेन जाने का प्रस्ताव दिया।

### भारतीय टीम में एक और तेज गेंदबाजा चाहिये था : इरफान पठान, सैमसन की जगह मैं होता तो मुझे भी निराशा होती



**नई दिल्ली।** पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए चयनित भारतीय टीम में तेज गेंदबाजों की कमी पर चिन्ता जतायी है। पठन के अनुसार टीम में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह ही शामिल हैं। उन्होंने कहा कि टीम में शामिल दो तेज गेंदबाज हाल ही में चोटिल रहे हैं, इसलिए एक और तेज गेंदबाज को टीम में शामिल किया जा सकता था। बुमराह पीठ की एंठन से उबर रहे हैं जबकि शमी सर्जरी के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलेंगे। वहीं पठान ने विकेकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन लेकर कहा कि वह अच्छे प्रदर्शन के बाद भी टीम में जगह नहीं मिलने से निराश होंगे। मैं भी उनकी जगह होता तो मुझे भी निराशा हुई होती। टीम में सैमसन के अलावा , धरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे करुण नायर को जग नहीं मिलने से सभी हैरान हैं। । वहीं पठान ने कहा तेज गेंदबाज मो सिराज को कार्यभार प्रबंधन के कारण ही आराम दिया होगा। साथ ही कहा कि शुभमन गिल को उपकप्तानी दिया जाना ठीह है। उन्होंने आगे कहा, शुभमन नेतृत्व के लिए सही रास्ते पर हैं, उनका एकदिवसीय क्रिकेट में शानदार साल रहा है। वहीं विकेटकीपर की भूमिका के लिए सैमसन को भी दावेदार माना जा रहा था पर उन्हें जगह नहीं मिली क्योंकि टीम के पास पहले से ही विकेटकीपर के लिए केएल राहुल और ऋषभ पंत थे।

# बीसीसीआई दिशा-निर्देशों को लेकर बीसीसीआई सचिव से बात करेंगे रोहित

मुंबई

**भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नये दिशा-निर्देशों को लेकर खिलाड़ी संशय में हैं, इसलिए वह मामले पर बोर्ड सचिव देवाजीत सैकिया से बात करेंगे। इन दिशा-निर्देशों में एक ये भी है कि खिलाड़ी विदेशी दौरों पर केवल 14 दिन के लिए ही अपने परिवार को साथ रख पायेंगे। वहीं किसी भी बदलाव के लिए कोच और बोर्ड से बात करनी होगी। यह नियम टीम के खिलाड़ियों को अच्छा नहीं लगा है।**



रोहित ने कहा कि दिशा-निर्देशों के बारे में अभी बीसीसीआई की ओर से आधाकारिक तौर पर कुछ नहीं आा है। वहीं चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने कहा कि एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की गयी है।

साथ ही कहा कि अगर हम इसी पर बात करते रहेंगे तो शायद यह चर्चा जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर टीम के कुछ नियम होते हैं। हमने पिछले कुछ महीनों में कई चीजों के बारे में बात की है जिसमें आप एक टीम के रूप में सुधार कर सकते हैं।

अगरकर ने कहा कि बस इतना है कि आपके पास कुछ नियम होते हैं और जब आप राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हैं तो आप उन नियमों का पालन करते हैं। ये परिपक्व खिलाड़ी हैं। वे अंतरराष्ट्रीय खेल में अपने आप में सुपरस्टार हैं।

कई पूर्व खिलाड़ियों ने कहा कि ये नियम हमेशा से ही रहे हैं और से 'प्रोटोकॉल का ही हिस्सा हैं जिनका राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करते समय पालन करना होता है। उन्होंने कहा कि लेकिन आखिरकार आप अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कुछ चीजें ऐसी होती हैं जिनका आप स्वाभाविक रूप से पालन करते हैं जैसा कि हर टीम करती है। मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से नियम पहले से ही लागू हैं।

### असम दल के राष्ट्रीय खेल जर्सी का विमोचन और वितरण

**गुवाहाटी।** आगामी राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने वाले असम दल की जर्सी का रविवार को गुवाहाटी के सरूसजाई खेल परिसर में आधिकारिक रूप से विमोचन और वितरण किया गया। असम ओलंपिक संघ और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए असम टीम को औपचारिक रूप से शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और असम ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि नई पीढ़ी की सफलताएं राष्ट्र को गौरवान्वित करती हैं। इसी तरह खिलाड़ियों की उपलब्धियां समाज को प्रेरित करती हैं। असम के खिलाड़ियों ने अपनी सफलता से देश और राज्य को गर्वान्वित किया है और आगामी राष्ट्रीय खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने असम टीम को राष्ट्रीय खेलों में हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा को धन्यवाद् दिया। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और असम सरकार के कैबिनेट मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि पदक विजेता खिलाड़ियों की तरह गैर-पदक विजेताओं को भी समान प्रोत्साहन और समर्थन दिया जाएगा, ताकि कोई खिलाड़ी मानसिक रूप से हतोत्साहित न हो। दूसरे उपाध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने कहा कि असम सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल में करियर बनाने के लिए नई पीढ़ी को हर अवसर प्रदान करेगी। असम ओलंपिक संघ के सचिव लक्ष्य कोंवर ने जानकारी दी कि उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में असम 22 खेल विधाओं में लगभग 300 खिलाड़ियों और अधिकारियों का दल भेजेगा। इस दल में 237 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें ओलंपियन, कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स के पदक विजेता तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के लगभग 20 खिलाड़ी शामिल हैं। कोंवर ने विश्वास जताया कि असम इस बार 50 से अधिक पदक जीत सकता है।

# मनु भाकर की नानी और मामा की सड़क हादसे में मौत





चरखी दादरी

**ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर के मामा युद्धवीर सिंह और नानी सावित्री देवी का एक सड़क हादसे में निधन हो गया है। मनु को अभी दो दिन पहले ही खेल रत्न अवार्ड मिला था जिससे घर में खुशी का माहौल था पर ये दुखद खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। उनके मामा और नानी को महेंद्रगढ़ बाइपास रोड पर एक कार ने टक्कर मार दी। ये टक्कर इतनी भीषण थी कि वहीं पर ही दोनो की मौत हो गयी। युद्धवीर रोडवेज में नौकरी करते थे।**

दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक फरार हो गया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। मौके पर थाना शहर प्रभारी सहित पुलिस जांच में जुटी हुई है। दो दिन पूर्व ही मन्नू भाकर को राष्ट्रपति से खेल रत्न अवॉर्ड मिला था। मनु ने पेरिस ओलंपिक के 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दोहरे कांस्य पदक जीते थे।

मनु ओलंपिक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं। पेरिस ओलंपिक में उसने अपना पहला पदक जीता जब उसने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता। यह पदक 20 वर्षों में किसी व्यक्तिगत स्पर्धा में ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला निशानेबाज बनने के एक दिन बाद आया। वह 0.1 अंक से रजत पदक हासिल नहीं कर पायी। कुछ ही दिनों बाद, उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता।

वह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं थीं। मनु इसमें भी शुरू में हंगरी की पूर्व विश्व रिकॉर्ड धारक (25 मीटर पिस्टल) वेरोनिका मेजर के साथ तीसरे स्थान पर थीं पर शूट-ऑफ सीरीज में दो अंक गंवाने के बाद हंगरी की वेरोनिका पोडियम पर पहुंच गईं।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस



मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में खेलती हुई अमेरिका की कोको गाफ।

# नेपाल की महिला और पुरुष टीम खो-खो विश्व कप फाइनल में अपना-अपना मैच खेलेंगी

काठमांडू

**नेपाली खो-खो की पुरुष और महिला टीमें भारत में हो रहे खो-खो विश्व कप के फाइनल में पहुंच गई हैं। नेपाल की महिला टीम ने फाइनल में पहुंचकर एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। शनिवार को नेपाली टीम ने पहले सेमीफाइनल में युगांडा को हराकर चैम्पियनशिप मैच में अपना स्थान सुरक्षित किया। दोनों नेपाली टीमें रविवार की शाम को अपना-अपना फाइनल मैच खेलेंगी।**



नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर हॉल में आयोजित मैच में नेपाल की महिला टीम ने युगांडा पर 89-18 की जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। फाइनल में नेपाल का मुकाबला भारत के साथ होने वाला है। भारत की टीम ने दक्षिण अफ्रीका को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई है। इसी तरह

नेपाल की पुरुष टीम ने भी खो-खो विश्व कप के सेमीफाइनल में ईरान का सामना किया और फाइनल में मैच खेलने के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

दोनों टीमों के लिए फाइनल का मुकाबला होना है। यह पहली बार है, जब कोई नेपाली टीम किसी भी खेल में विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इसे राष्ट्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने दोनों ही टीमों को विश्वकप के फाइनल मैच के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी हैं।

# अभिनेत्री गुल पनाग और मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने की 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' की अगुवाई

नई दिल्ली

अभिनेत्री गुल पनाग और अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि देश में खेल और फिटनेस संस्कृति का निर्माण करने का यह एकमात्र तरीका है। अभिनेत्री पनाग और मुक्केबाज बूरा ने रविवार को गुरुग्राम के लेजर वैली पार्क में 500 से अधिक साइकिल चालकों की अगुवाई की।

गुल पनाग ने कहा कि मैं फिट इंडिया अभियान से तब से जुड़ी हुई हूं, जब इसे कई साल पहले लॉन्च किया गया था। यह भारतीय खेल प्राधिकरण की एक शानदार पहल है। मुझे लगता है कि फिट इंडिया अभियान ही एकमात्र तरीका है, जिससे हम खेल और फिटनेस संस्कृति का निर्माण कर सकते हैं। यह अभियान भारत को प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में अधिक पदक जीतने में मदद करेगा, लेकिन हमें फिटनेस संस्कृति से शुरुआत करनी होगी। संडे ऑन साइकिल एक शानदार पहल है। अगर अन्य दिनों में नहीं, तो हम रविवार को एक आसान सवारी के लिए समय निकाल सकते हैं।

मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने गोल्फ कोर्स रोड, एआईटी चौक, आर्य समाज रोड और मिलेनियम सिटी सेंटर से होकर लेजर वैली पार्क तक 20 किमी की साइकिल यात्रा पूरी की। उन्होंने नारा दिया, पॉल्यूशन को पंच और ड्रग्स को राइट हुक



क्योंकि संडे है साइकिलिंग के लिए। उन्होंने कहा कि यह फिट इंडिया की एक बेहतरीन पहल है। मैं लंबे समय के बाद साइकिल चलाकर बहुत खुश हूं। साइकिल चलाने के कई फायदे हैं, जैसे घुटनों की सेहत अच्छी रहती है, मांसपेशियों की ताकत और सहनशक्ति भी बढ़ती है, जिससे बेहतर गतिशीलता में मदद मिलती है। यह आपके दिल और फेफड़ों के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। चाहे आप युवा हों या बूढ़े, साइकिल चलाना समग्र फिटनेस और स्वस्थ रहने के लिए फायदेमंद है।

इसके अलावा पटियाला के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में 80 से अधिक राइडर्स ने ठंड और घने कोहरे के बावजूद साइकिलिंग इवेंट के लिए 11 किलोमीटर की दूरी पूरी की। प्रतिभागियों में प्रशासनिक अधिकारी, खेल वैज्ञानिक, सहायक कर्मचारी, कोच, डिप्लोमा प्रशिक्षु और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) के एथलीट शामिल थे। क्षेत्रीय केंद्र गांधीनगर में भारतीय डाक विभाग के 50 सवारों ने साइकिल रैली में भाग लिया, जबकि बिहार रेजिमेंट की 15वीं बटालियन के 50 सवारों ने क्षेत्रीय केन्द्र कोलकाता में साइकिल चलाई। एनसीओई सोनीपत ने खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी) और खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों (केआईएए) सहित 10 स्थानों पर महिला योद्धाओं की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया। असम, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और मेघालय राज्यों में भी 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम आयोजित किया गया।